दूषित पानी और उससे संबंधित खतरे

जलवायु में बदलाव से मैसाचुसेट्स में बाढ़ आने का खतरा बढ़ रहा है। सेप्टिक सिस्टम, मलप्रवाह ट्रीटमेंट प्लांट, खेतों, घरों और व्यवसायों में बाढ़ आने से रसायनिक पदार्थों और अन्य खतरनाक प्रदूषकों से बाढ़ का पानी दूषित हो सकता है। इस बाढ़ के पानी के संपर्क में आने से गैस्ट्रोइंटेस्टिनल (जठरांत्र संबंधी) बीमारी, त्वचा और आंखों में संक्रमण और घावों में संक्रमण हो सकते हैं।

बाढ़ पावर ग्रिड, और सड़कों और पुलों को भी नुकसान पहुंचा सकती है जिनकी मरम्मत में कई दिन या उससे अधिक समय भी लग सकता है। खाना पकाने, सामान को ठंडा रखने और चिकित्सा उपकरणों के लिए गर्मी, प्रकाश और ऊर्जा की कमी के परिणामस्वरूप चिकित्सीय आपातस्थिति पैदा हो सकती है या मृत्यु हो सकती है। अन्य जोखिमों में मलबे, गिरे हुए बिजली के तारों, डूबने, गिरने, कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) विषाक्तता के कारण और मोटर वाहन की दुर्घटनाओं से लगने वाली चोटें या मृत्यु होना शामिल हैं।

कौन इसके बढ़े हुए जोखिम पर होता है?

कुछ लोग इसके अधिक जोखिम में हो सकते हैं, क्योंकि वे जहाँ रहते हैं, आधिकारिक सरकारी जानकारी तक उनकी पहुंच, तैयार रहने और प्रतिक्रिया करने के लिए संसाधनों की उपलब्धता, और क्या उन्हें पहले से ही कोई स्वास्थ्य समस्याएँ हैं, इन पर निर्भर करता है। इनमें शामिल हैं:

- 5 साल से कम उम्र के बच्चे और 65 साल से अधिक उम्र के लोग
- जो किराए के घरों में रहते हैं
- प्रणालीगत नस्लवाद के कारण काली-भूरी चमड़ी वाले लोग
- जो लोग बहुत कम या बिल्कुल भी अंग्रेजी नहीं बोलते हैं, जिन्हें हो सकता है कि अपनी मूल भाषा में आपातकालीन संदेश प्राप्त न हों
- गर्भवती महिलाएँ
- विकलांग लोग
- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोग
- अकेले या सीमित गतिशीलता वाले लोग

दूषित पानी और उससे संबंधित खतरे

- जिन लोगों को चिकित्सा उपकरणों का इस्तेमाल करने या दवाओं को ठंडा करने के लिए बिजली की आवश्यकता होती है
- उपयोगिता और बचाव में लगे कर्मचारी

हम इसके बारे में क्या कर सकते हैं?

- तूफ़ानों के लिए एक योजना बनाएँ
- एक आपातकालीन किट बनाएँ
- अपने बाढ़ और पानी भरने वाले क्षेत्रों के बारे में जानें
- बाढ़ के पानी और कीचड़ के संपर्क में आने से बचें जो तेल, गैसोलीन, या अशोधित मलप्रवाह द्वारा दूषित हो सकते हैं
- क्षतिग्रस्त हुई इमारतों से दूर रहें और बाढ़ वाले क्षेत्रों या सड़कों से दूर रहें
- बाढ़ आने के बाद दूषित पदार्थों के लिए निजी कुओं का परीक्षण करें
- क्षतिग्रस्त हुए सेप्टिक सिस्टम की मरम्मत करें
- बाढ़ के पानी में गाड़ी न चलाएँ - इसकी बजाय वापस मुड़ जाएँ